## सार-समाचार

### चारा डिपो खोलने की प्रशासनिक स्वीकृति

**जालोर**, (कासं)। जिला कलैक्टर निशांत जैन ने लघु एवं सीमांत कृषकों को अनुदानित दरों पर चारा उपलब्ध करवाने के लिए आहोर व तडवा ग्राम पंचायत में चारा डिपो खोलने की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की है। जिला कलैक्टर निशांत जैन ने बताया कि आपदा प्रबंधन एवं नागरिक सुरक्षा विभाग जयपुर के निर्देशानुसार अभाव संवत् 2078 में अभावग्रस्त घोषित क्षेत्रों में लघु एवं सीमांत कृषकों को अनुदानित दर पर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से आहोर ग्राम पंचायत एवं तडवा ग्राम पंचायत में चारा डिपो खोलने की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई हैं। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक स्वीकृति के तहत चारा डिपो स्वीकृति किये जाने की दिनांक से अभाव अवधि तक प्रभावी होगा। यह लाभ केवल लघु एवं सीमांत कृषकों को दिया जायेगा। पशुओं की संख्या का आंकलन पशु गणना पर आधारित तथा संगत होना चाहिए। चारा डिपो पर केवल लघु एवं सीमांत कृषकों को उनके द्वारा संधारित पशुओं के अनुपात में चारा उपलब्ध करवाया जायेगा। चारा डिपो संचालित करने वाली संस्था को चारा परिवहन अनुदान लघु एवं सीमांत कृषकों को वितरित किऐ जाने वाले चारे पर ही उपलब्ध होगा। 50किमी से अधिक की दूरी से किये गये चारा परिवहन पर ही अनुदान देय होगा। आपदा प्रबंधन सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा जारी चारा परिवहन की दरों के अनुसार चारा परिवहन अनुदान देय होगा। जिन लघु एवं सीमांत कृषकों द्वारा पशुओं को पशु शिविर में छोड़ दिया गया हैं उन्हें चारा अनुदान देय नहीं होगा। चारा परिवहन अनुदान, स्वीकृति दिनांक से अभााव अवधि 31 जुलाई, 2022 तक परिवहन एवं वितरित किये चारे पर ही देय होगा।

### मनरेगा कार्मिकों को सरपंचों का समर्थन

**सायला**, (निसं)। महात्मा गांधी नरेगा संविदा कार्मिक संघ ब्लॉक सायला का अनिश्चितकालिन धरना प्रदर्शन 16वें दिन गुरुवार को भी पंचायत समिति मुख्यालय पर अनवरत जारी रहा। इस मौके सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष भंवरसिंह बालावत ने धरनास्थल पर आकर संविदाकर्मियों को लिखित में नैतिक समर्थन दिया और कहा की अगर सरकार आपकी मांग 23 मई तक नही मानती है तो सरपंच संघ भी सरकारी योजनाओं का बहिष्कार करेगा। साथ ही संविदाकर्मियों के जायज मांगों पर सरकार को जल्दी से अमल करने की अपील की। वही पंचायत सहायक संघ के जिलाध्यक्ष अमरदास वैष्णव ने भी संघ द्वारा नैतिक समर्थन दिया। संघ के ब्लॉक अध्यक्ष यात खान ने बताया कि नरेगा कार्मिक संघ में सरकार के प्रति काफी रोष व्याप्त है। जब तक पंचायतीराज एलडीसी भर्ती 2013 का कैलेंडर जारी नही होता धरना जारी रहेगा। इस दौरान सरपंच संघ की ओर से हंजाराम, हनुमानराम देडू, हमीराराम देवासी, मनरेगा कार्मिक मोटसिंह, राजुखान, महेंद्र कुमार, दिनेश कुमार, रमेश राव, डायाराम, चेनाराम, दलाराम, भंवरसिंह, पुरुषोत्तम परिहार आदि मौजूद रहे।

### सिवाना में क्षतिग्रस्त सड़क से डर

**सिवाना**, (निसं)। सिवाना से मोकलसर मुख्य मार्ग 325 नेशनल हाईवे पर लंबे समय से एक बड़ा गड्ढा हादसे को हर समय न्योता दे रहा है। छोटे गड्ढे ने मुख्य मार्ग पर बडे गड्ढे का रूप धारण कर लिया है। उसके बावजूद भी स्थानीय प्रशासन की उदासीनता के चलते गड्ढे की सुध नहीं ली जा रही हैं। उक्त मुख्य मार्ग से सुबह से देर रात तक छोटे बड़े सैकडों की तादाद में वाहनों का आवागमन होता रहता है। उसके बावजूद भी उक्त गहरे गड्ढे की प्रशासन द्वारा अनदेखी की जा रही है। उक्त मुख्य मार्ग का बना गड्ढा कभी भी बड़े हादसे का पर्याय बन सकता है। उक्त मुख्य मार्ग से प्रशासनिक अधिकारीयो व जन प्रतिनिधियों का आवागमन होता रहता है। इसके बावजूद भी गड्ढे की अनदेखी की जा रही है। रात्रि के समय वाहन चालकों के लिए उक्त गड्ढा हर समय हादसे को न्यौता देता नजर आ रहा है। उक्त मुख्य मार्ग से छोटे बडे भारी वाहनों का आवागमन होता रहता है। उसके बावजूद भी गड्ढे की सुध नहीं लिए जाने के कारण वाहन चालकों को भारी दुविधाऔ से रूबरू होना पड़ रहा है।

### समस्त मुस्लिम समाज ने ज्ञापन दिया

**पाली**, (नि.सं.)। मोहम्मद इब्राहिम वल्द अब्दुल गफूर उम्र 70 वर्ष, निवासा छीपों की ढ़ाल, बड़ी ब्रह्मपुरी के बाहर पाली के हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर समस्त मुस्लिम समाज द्वारा एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को सौंपा गया। बताया गया कि मोहम्मद इब्राहिम दिनांक 11.05.2022 को एक रिश्तेदार के यहां सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेने हेतु देवगढ़ गये हुये थे, उसी रोज शाम को मोहम्मद इब्राहिम के पुत्र मोहम्मद सलीम द्वारा अपने पिता की एक गुमशुदगी रिपोर्ट भी दर्ज करवाई गई।15.05.2022 रविवार को देवगढ़ के पास दौलपुरा गांव के जंगल में इब्राहिम की बेरहमी से हत्या किया हुआ शव मिला, जिससे पूरे मुस्लिम समाज में आक्रोश फैला हुआ है, जिससे मुस्लिम समाज ने जल्द से जल्द हत्यारों को पकडने की मांग की, यदि तुरन्त प्रभाव से कार्यवाहीं नहीं होती है तो मुस्लिम समाज उग्र आन्दोलन करेगा। इस मौके पर हाजी मोहम्मद युसुफ, हाजी गुलाम रसुल, इस्माईल भाई, युसुफ चक्की वाला, छीपा समाज सदर सलीम सागर, मोहम्मद साबिर, मुस्लिम समाज सदर हकिम भाई, हाजी मेहबूब टी, मोहम्मद यासीन, सद्दीक एफ.के., यासीन सी.के.एच., जाकिर हासम बा, मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद उमर, हसन भाटी आदि मौजूद रहे।

### सुंधा माता धर्मशाला में सम्मेलन 22 से

**जालोर**, (कासं)। निकटवर्ती अखिल भारतीय रावणा राजपूत सेवा संस्थान सुंधा माता धर्मशाला के वार्षिक सम्मेलन का आयोजन 22 व 23 मई को होगा। जिलाध्यक्ष राजू सिंह राजपुरा व सुंधा पर्वत धर्मशाला के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक संयोजक बागसिंह देवडा ने बताया कि दो दिवसीय कार्यक्रम में 22 मई को रात्रि में भव्य भजन संध्या होगी। जिसमें कलाकार जसोल के ओम प्रजापत व लक्ष्मी खंडेलवाल सुंदर भजनों की प्रस्तुति करेंगे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय उद्घोषक संतोष सिंह धांधल करेंगे। उन्होंने बताया कि 23 मई को भामाशाह और अतिथियों का सम्मान होगा। तत्पश्चात महा प्रसादी का आयोजन होगा। दोनों नेताओं ने समाज बंधुओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में आने की अपील की है।

### समाज सेवा शिविर प्रारम्भ

**जालोर**, (कासं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शहरी जालोर में अध्ययनरत ग्यारहवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं का 15 दिवसीय समाज सेवा शिविर प्रधानाचार्य खीमसिंह राठौड़ के मुख्य आतिथ्य में प्रारम्भ हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी झालाराम चौधरी ने बताया कि शिविर में सर्वे कार्य, जनकल्याणकारी योजना का प्रचार-प्रसार, श्रमदान व सामाजिक सेवा कार्य किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को जयनारायण परिहार ने प्राथमिक चिकित्सा तथा अम्बिका प्रसाद तिवारी ने सरकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर राजेन्द्र सिंह काबावत, बाबुसिंह राठौड सहित छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

### स्टेट ओपन के प्रवेश पत्र वितरण शुरू

**जालोर**, (कासं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शहरी जालोर से पंजीकृत राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल परीक्षा-2022 के माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक परीक्षार्थियों का प्रवेश पत्र वितरण 20 मई से किया जायेगा। संन्दर्भ केन्द्र के परीक्षा प्रभारी अम्बिका प्रसाद तिवारी ने बताया कि कार्यदिवस में प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक विद्यालय में प्रवेश पत्र वितरण किया जायेगा। राजस्थान स्टेट ओपन की माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक परीक्षा 25 मई से प्रारंभ होगी।

### बाल कल्याण अधिकारी ने कार्रवाई की

**रेवदर**, (निसं)। बाल कल्याण अधिकारी ने गुरुवार को मिठाई की दुकान पर 13 वर्षीय नाबालिंग बालक को कार्य करते पाये जाने पर दस्तयाब किया। मिष्ठान की दुकान से बाल कल्याण अधिकारी दिनेश कुमार ने भरत कुमार पुत्र रगुनाथ उम्र 13 साल जाति कोली निवासी वाडका कार्य करते हूए पकड़ा। रेवदर कस्बे के मुख्य बस स्टेण्ड पर स्थित सत्य नारायण मिष्ठाण की दुकान पर कार्यवाई को अंजाम दिया। बाल कल्याण अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया की दुकानों पर नाबालिग द्वारा करवाया जा रहा था कार्य, सूचना पर मौके पहुंचे।

### एमनेस्टी योजना लागू

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर शहर में बिजली चोरी एवं दुरूपयोग के मामले में कई उपभोक्ताओं ने लंबे समय तक राशि जमा नहीं करवाई है। डिस्कॉम अब ऐसे मामलों का निस्तारण करने जा रहा है। इसके लिए लिए एमनेस्टी स्कीम लागू की है। जिसमें कुछ छूट उपभोक्ता को दी जाएगी। प्रबंध निदेशक प्रमोद टाक ने बताया कि यह योजना 31 दिसंबर तक भरे गए सतर्कता जांच प्रतिवेदनों पर 1 अप्रेल से लागू हो गई है।

# लोगों की समस्याएं सुनी, समाधान के निर्देश दिए

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर में अपर जिला कलैक्टर प्रथम मदनलाल नेहरा ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय जनसुनवाई की और जन समस्याओं को सुना।

जनसुनवाई में कुल 18 परिवाद प्राप्त हुए जिनमें से 11 नगर निगम उत्तर से संबंधित थे, वहीं अन्य परिवाद पुलिस, नगर निगम दक्षिण, उपखण्डों से संबंधित थे। अपर जिला कलक्टर ने सभी परिवादों का संज्ञान लेते हुए संबंधित को उनके त्वरित निस्तारण के लिए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए और कहा कि हर मामले का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें।



जोधपुर में अपर जिला कलैक्टर प्रथम मदनलाल नेहरा ने कलैक्ट्रेट में जिला स्तरीय जनसुनवाई की।

## झालावाड़ की दिव्यांग रामकन्या को राहत मिली

झालावाड़ जिले की दिव्यांग रामकन्या के लिए जोधपुर की जन सुनवाई इस कदर वरदान बनी कि जिन्दगी भर का सुकून देने वाली अनेक योजनाओं से उसे हाथों-हाथ जोड़ने की कार्यवाही हुई। इस जनसुनवाई में वह आयी तो थी केवल एक काम से, और मिल गया बहुत कुछ।

जोधपुर कलैक्ट्रेट सभाकक्ष में गुरुवार को आयोजित जनसुनवाई में रामकन्या केवल एक आवेदन के साथ आई, लेकिन बैठक में उपस्थित विभिन्न विभागीय अधिकारियों की संवेदनशीलता व तत्परता के कारण वह कई योजनाओं का लाभ पाने की हकदार हो गई।

हुआ यूं कि परिवादी रामकन्या के दिव्यांग प्रमाण पत्र के आवेदन पर संज्ञान लेने पर अधिकारियों को ज्ञात हुआ कि वह मूलत: झालावाड़ निवासी है और परित्यक्ता है। इस पर अपर जिला कलेक्टर ने सर्वप्रथम सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे रामकन्या के आधार कार्ड में वांछित परिवर्तन करवाना सुनिश्चित कराएं। जनसुनवाई कर रहे एडीएम नेहरा ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक अनिल व्यास को निर्देशित किया कि वे रामकन्या को परित्यक्ता पेंशन व पालनहार योजना से जोड़ें।

साथ ही उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बलवंत मंडा को निर्देशित किया कि वह रामकन्या के आधार कार्ड अपडेट होते ही उसे दिव्यांग प्रमाण पत्र उपलब्ध कराएं। इस प्रकार इस जनसुनवाई ने रामकन्या के लिए स्वावलम्बन और सम्मानजनक जिन्दगी के कई नवीन द्वार खोल दिए है।

एडीएम द्वितीय राजेन्द्र डांगा व संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जे.डी.ए. ने जोनवार 147 पट्टे जारी किए

**जोधपुर**, (नि.सं.)। आयुक्त, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर डॉ. इन्द्रजीत यादव के निर्देशानुसार प्रशासन शहरों के संग अभियान-2021 के अन्तर्गत प्राधिकरण में नियमित रूप से जोनवार विभिन्न खसरों के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

गुरूवार को ग्राम डिगाड़ी, चौखा, चौपासनी बासनी चौहान, कुड़ी भगतासनी एवं ग्राम भदवासिया के विभिन्न अनुमोदित खसरों हेतु जोनवार आयोजित शिविर में उपायुक्त पश्चिम नीरज मिश्र, पूर्व श्रवण सिंह, दक्षिण अनिल पूनिया, उत्तर चंचल वर्मा अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित मौजूद रहे।

जेडीए द्वारा गुरूवार को शिविर के दौरान प्राप्त आवेदनों का निस्तारण कर कुल 147 पट्टें जारी करते हुए विभिन्न कार्य सम्पादित किए गए।

जेडीए द्वारा सोमवार दिनांक 23 मई, 2022 को जोन पश्चिम ग्राम बागा खसरा संख्या 787, 536, 537, 540, 548, 549 एवं ग्राम चौपासनी 119, 120 व बट्टे नम्बर, 124 व बट्टे नम्बर, 122, 123, 128, 129, 132, 147, 148, 309/149 से 313/149, जोन उत्तर ग्राम डिगाडी, जोधपुर, चैनपुरा खसरा संख्या 124, 125, 166/2, 215, 120, 23/4, 23/11, 23/12, 25/9, 71/1 व इसके समस्त बट्टा नम्बर, 88, 89, 191, 194 के लिए जेडीए कार्यालय तथा जोन दक्षिण ग्राम सांगरिया खसरा संख्या 2 व 3, 38, 39 व 39/1, 76 व 78, 104, 141/2, 141/4 व 152, 84, 06 व 6/5, 149 व 150/4, 65 मय बट्टा नं. 105, 82, 207, 211 व 211/1, 35 मय बट्टा नं. 41, 83, 117/1, 208, 126, 132, 80 व 81, 77/3, 12 व 13, 41/1, 67, 319/1, 6/1 व 11/1, 12, 102/1 व 102/2, 65, 68/1, 71 व 69, 50/1, 215, 59, 153, 187 व 189 हेतु राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांगरिया में शिविर आयोजित किया जाएगा। प्राधिकरण द्वारा प्राप्त जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोनवार आयोजित शिविरों में आमजन के पट्टा, नाम हस्तांतरण, भवन निर्माण अनुमति, भूखण्ड़ों के उप-विभाजन एवं पुर्नगठन, खांचा भूमि आवंटन, लीज राशि से संबंधित प्रकरण इत्यादि हेतु आवेदन किया जा सकता है।

## संगम नगर में अतिक्रमण हटाए

डॉ. इन्द्रजीत यादव आयुक्त जोधपुर विकास प्राधिकरण के निर्देशानुसार अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा नियमित रूप से अवैध एवं अनाधिकृत निर्माणों, अवैध कॉलोनियों, पार्किंग के इतर निर्मित बहुमंजिला इमारतों, सड़क मार्गाधिकार के अतिक्रमणों तथा विभिन्न अन्य अतिक्रमणों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जा रही। प्राधिकरण दस्ते द्वारा गुरूवार को ग्राम बासनी प्रथम चरण में स्थित संगम नगर में सड़क भाग से अतिक्रमण हटाते हुए सड़क मार्गाधिकार को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

उपायुक्त दक्षिण अनिल पूनिया के आदेशानुसार प्रवर्तन अधिकारी दक्षिण अमरसिंह रतनू, प्रवर्तन अधिकारी उत्तर प्रवीण गहलोत, पटवारी अभिषेक माथुर सहित जेडीए दस्ते द्वारा ग्राम बासनी प्रथम चरण में संगम नगर स्थित पार्क का मौका निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पार्क की दीवार के सहारे सड़क भाग में लगभग 10 ट्रैक्टर ट्रोली मलबा मय पत्थर, कंकर व मिट्टी का ढेर लगाकर अनाधिकृत अतिक्रमण कर आवागमन अवरूद्ध किया हुआ पाया गया। दस्ते द्वारा मौके पर उक्त अनाधिकृत अतिक्रमण को जेसीबी की सहायता से हटाया जाकर सड़क मार्गाधिकार को आवागामन हेतु सुचारू किया गया। दस्ते द्वारा अप्रार्थी को सख्त हिदायत दी गई कि भविष्य में सड़क मार्गाधिकार की भूमि पर किसी प्रकार का अनाधिकृत अतिक्रमण नहीं करें।

# उत्कर्ष : उपनिरीक्षक की साक्षात्कार कार्यशाला आज से

**जोधपुर**, (कासं)। उत्कर्ष क्लासेस द्वारा 20 से 26 मई तक आयोजित राजस्थान पुलिस उपनिरीक्षक मॉक इंटरव्यू की सात दिवसीय विशेष कार्यशाला का शुभारंभ शुक्रवार को डॉ. सम्पूर्णानंद मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में प्रात: 9 बजे किया जाएगा। इस सात दिवसीय कार्यशाला में लिखित परीक्षा एवं शारीरिक दक्षता का पडाव पार कर चुके तथा राजस्थान पुलिस में उप निरीक्षक के पद पर चयनित होने का सपना संजोए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार से संबंधित विभिन्न सूक्ष्म पहलुओं तथा विषयों पर विख्यात एवं अनुभवी प्रेरक वक्ताओं और विषय विशेषज्ञों के नेतृत्त्व में पथ प्रदर्शन किया जाएगा।

UTKARSH CLASSES

उत्कर्ष क्लासेस के संस्थापक एवं निदेशक डॉ. निर्मल गहलोत ने बताया कि राजस्थान पुलिस उप निरीक्षक हेतु सात दिवसीय कार्यशाला के पहले दिन प्रात: 9 बजे से सायं 8 बजे तक के सत्र को विभिन्न चरणों में विभाजित किया गया है, जिसके तहत प्रथम चरण में प्रवेश प्रक्रिया के उपरांत प्रतिभागियों का परस्पर परिचय व अनौपचारिक वार्तालाप तथा प्रमुख सूचनाओं का आदान-प्रदान होगा। इसके पश्चात प्रात: 10 से 12 बजे के बीच साक्षात्कार विशेषज्ञों, शिक्षाविदों व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कार्यशाला का औपचारिक उद्घाटन सत्र आयोजित किया जायेगा, जिसमें उनके द्वारा प्रतिभागियों का 'साक्षात्कार में सफलता के सूत्र' विषय पर मार्ग प्रशस्त किया जाएगा।

इस दौरान जेएनवीयू जोधपुर कुलपति प्रोफेसर के. एल. श्रीवास्तव, पूर्व संभागीय आयुक्त रतन लाहोटी, राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य डॉ. एस. एस. टाक व पुलिस उपायुक्त जोधपुर कमिश्नरेट (पश्चिम) वंदिता राणा उपस्थित रहेंगे।

उद्घाटन सत्र के उपरांत दोपहर 2 बजे से सायं 8 बजे तक आयोजित विभिन्न सामूहिक सत्रों के दौरान विख्यात लेखक व मोटिवेशनल गुरु प्रो. रमेश के. अरोडा, विख्यात विधि विशेषज्ञ नरेंद्र थानवी, उत्कर्ष क्लासेस के संस्थापक एवं निदेशक डॉ. निर्मल गहलोत के नेतृत्त्व में साक्षात्कार कौशल, पुलिस व प्रशासन संबंधित विधिक व कानूनी मुद्दों पर परिचर्चा करते हुए अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन किया जाएगा।

अंत में साक्षात्कार के दौरान ध्यान देने योग्य तथ्यों पर वार्तालाप तथा सात दिवसीय कार्यशाला की विस्तृत एवं संपूर्ण रूपरेखा अभ्यर्थियों को समझाते हुए कार्यशाला के पहले दिन का समापन किया जाएगा।

## बांडी नदी में जीप पलटी

**पाली**, (नि.सं.)। पाली शहर की बांडी नदी की रपट पर गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे एक जीप सवारियों से भरी निकल रही थी।। अचानक बैलेंस बिगड़ने से जीप नदी की रपट में जा गिरी। हादसे में कोई भी हताहत नहीं हुआ। इस दौरान निकल रहे लोगों ने पलटी हुई जीप में से लोगों को बाहर निकाला।



जोधपुर में एस. एन. मेडिकल कॉलेज के नव नियुक्त प्रिंसिपल डॉक्टर दिलीप कच्छवाहा का शेखावाटी समाज संस्थान की ओर से माल्यार्पण कर सम्मान किया गया।

## 75 कि.मी. की प्रदक्षिणा यात्रा

**जोधपुर**, (कासं)। आज़ादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में क्रीड़ा भारती की ओर से भारत प्रदक्षिणा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। 22 मई को होने वाले इस कार्यक्रम में एक साथ देश में 220 से अधिक स्थानों पर 75 किमी की यात्रा 75 बाइक के जरिए करेंगे।जोधपुर प्रांत संयोजक डॉ कमल जाँगिड़ ने प्रेस वार्ता में बताया कि जोधपुर प्रांत में नाडोल से पाली, जोधपुर से खेड़ापा, नागौर से डीडवाना और सीकर तक यात्रा निकलेगी।

# मिनी ट्रक ने कॉलेज छात्रों को टक्कर मारी, एक की मौत

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर शहर के रातानाडा पुलिस थाना क्षेत्र में सर्किट हाउस रोड पर एक हैण्डीक्राफ्ट शो रूम के सामने गुरूवार की सुबह मिनी ट्रक ने बाइक सवार दो कॉलेज छात्रों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में एक छात्र की मौत हो गई जबकि साथी छात्र घायल हो गया। उसके पैर में फ्रेक्चर होना बताया गया है।

रातानाडा थानाधिकारी भरत रावत ने बताया कि मूलत: जाखण हाल बीजेएस कॉलोनी क्षेत्र में रहने वाला कॉलेज छात्र 20 वर्षीय रघुवीर सिंह पुत्र महेंद्र सिंह एवं रविंद्र सिंह पुत्र खेत सिंह गुरूवार की सुबह परीक्षा देने के लिए जेएनवीयू पुराना परिसर की तरफ जा रहे थे। यह लोग जब सक्रिट हाउस रोड एक हैण्डीक्राफ्ट शो रूम के सामने पहुंचे तब एक मिनी ट्रक ने उन्हें चपेट में ले लिया। इससे दोनों छात्र उछल कर गिर गए। रघुवीर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में उसकी मौत हो गई। जबकि साथी रविंद्र सिंह के पैर में फैक्चर हो गया।

## पार्ट टाईम कोच लगाएंगे

**जालोर**, (कासं)। मुख्यालय के शाह पूंजाजी गेनाजी स्टेडियम जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र में खिलाड़ियों को दैनिक प्रशिक्षण देने के लिए विभिन्न खेलों में अल्पकालिक खेल प्रशिक्षक लगाए जायेंगे।

जिला खेल अधिकारी प्रेमसिंह भाटी ने बताया कि जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र पर बैडमिन्टन, फुटबॉल, बॉस्केटबॉल, एथलेटिक्स, क्रिकेट, वॉलीबॉल, कब्बड्डी, वुशू जैसे विभिन्न खेल नियमित चल रहे है। इसके लिए राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद सेवा देता फर्म के माध्यम से अल्पकालिक प्रशिक्षकों के निर्धारित योग्यता में कुछ शिथिलन देकर पुन: लगाने की प्रक्रिया प्रारम्भ की जायेगी।


**नोटिस हर आम व खास**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि धनराज माली एवं छगनलाल माली निवासी- दयालपुरा के स्वामित्व की फर्म श्री रूकमणी ज्वेलर्स जालोर एवं हितेश माली, राकेश माली व रमेश माली के स्वामित्व की फर्म श्री फुल माली ज्वेलर्स सायला का रूकमणी ज्वेलर्स, जोधपुर प्रो. श्री फुलाराम सैनी, हुलसा ज्वेलर्स, जालोर प्रो. हुली देवी, न्यु रूकमणी ज्वेलर्स, आहोर प्रो. अनिल सैनी एवं मकोबा ज्वेलर्स आहोर प्रो. यशपाल सैनी से किसी भी प्रकार का व्यापारिक संबंध नही है। यदि धनराज माली एवं छगन माली स्वयं को फुलाराम सैनी या उनके परिवारजन की किसी फर्म का दृश्यमान मालिक प्रकट करते हुए किसी के साथ कोई संव्यवहार करते है तो उनके स्वयं की जिम्मेदारी होगी । जो सनद रहे ।

फुलाराम सैनी
मो. 9414135459


# त्रिस्तरीय जिला स्तर जनसुनवाई हुई

**पाली**,(नि.सं.)। जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशीलता वातावरण में आमजन की परिवेदना समस्याओं का त्वरित समाधान के लिए जिला कलैक्टर नमित मेहता के अध्यक्षता में त्रिस्तरीय जिला जनसुनवाई का आयोजन गुरुवार को पंचायत समिति परिसर में राजीव गांधी सेवा केंद्र में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजन हुआ।




पाली में कलैक्टर नमित मेहता के अध्यक्षता में त्रिस्तरीय जिला जनसुनवाई का आयोजन पंचायत समिति परिसर के राजीव गांधी सेवा केंद्र में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

जनसुनवाई शिविर में जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत, अतिरिक्त जिला कलैक्टर चंद्रभान सिंह भाटी, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वीरेंद्र सिंह चौधरी, एडिशनल एसपी बुगलाल सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी व वीसी द्वारा जिले के समस्त उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी आदि मौजूद रहे।

जिला कलैक्टर व पुलिस अधीक्षक ने जनसुनवाई शिविर में आए आमजन की परिवेदनाएं व समस्याएं सुनी, साथ ही जिला जन अभाव अभियोग एवं सतर्कता समिति के प्रकरणों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को मौके पर ही निस्तारण के निर्देश दिए।

जिला कलैक्टर ने अवैध अतिक्रमण को सख्ती से हटाने एवं संज्ञान में आये प्रकरणों को पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों से जनसुनवाई में राजस्व से जुड़े प्रकरणों व विद्युत, पेयजल सहित अन्य विभागों से सबंधित समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने को कहा जिससे कि आमजन को परेशानी का सामना ना करना पड़े।

जिला पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग से जुड़ी परिवेदनाओं एवं समस्याओं को सुना एवं संबंधित पुलिस अधिकारी को नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए।

जिला स्तरीय जनसुनवाई से पूर्व वीसी द्वारा बैठक कर जिला कलैक्टर ने इंदिरा गांधी शहरी रोजगार योजना के तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि निकाय स्तर पर जल्द कमेटी का गठन किया जाए एवं हेल्प डेस्क स्थापित की जाए। मेहता ने 20 मई तक कार्यों का चयन कर एस्टीमेट बनाकर जिला स्तर पर भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की इस योजना से कमजोर वर्ग को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे इसीलिए अधिकारी अच्छी कार्य योजना बनाए जिससे कि योजना का सफल क्रियान्वयन हो सके।

कलैक्टर ने प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत आयोजित फॉलोअप शिविर में आमजन को ज्यादा से ज्यादा राहत देने के निर्देश दिए। उन्होंने चारा डिपो फंक्शनल रखने को कहा साथ ही पर्याप्त मात्रा में चारा व पेयजल उपलब्ध रखने के निर्देश दिए तथा पेयजल स्थिति की समीक्षा भी की।


SBI भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India

तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, तृतीय मंजिल, मैट्रिक्स मॉल सेक्टर-4, जवाहर नगर, जयपुर ( राजस्थान )- 302004
ई-मेल: sbi.18184@sbi.co.in, शाखा कोड: 18184
फोन: 0141-2657811, 2657921, 2657926, 2657989

"परिशिष्ट-IV-क"
{नियम 8( 6 ) का परन्तुक देखें}

**अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

प्रतिभूत हित ( प्रर्वतन ) नियम, 2002 के नियम 8( 6 ) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों को तथा विशेष रूप से ऋणी **मैसर्स शक्ति स्टोन जरिये प्रोपराईटर श्री सुजा राम पुत्र श्री चौथा राम माली** को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/ प्रभारित/बन्धक है, का भौतिक कब्जा प्रतिभूत लेनदार **भारतीय स्टेट बैंक, तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, जयपुर ( राजस्थान )** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, प्रतिभूत लेनदार द्वारा **"जैसी है जहां है", "जो है जैसी है", "जितनी भी उपलब्ध ह"** और **"दायित्व रहित"** के आधार पर **दिनांक 10.06.2022** को बेचा जायेगा। **भारतीय स्टेट बैंक, तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, जयपुर ( राजस्थान )**, प्रतिभूत लेनदार के बकाया राशि **रू. 55,37,000.00 अक्षरे पचपन लाख सैंतीस हजार मात्र दिनांक 31.08.2021** को बकाया एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे इत्यादि अतिरिक्त जो कि **मैसर्स शक्ति स्टोन जरिये प्रोपराईटर श्री सुजा राम पुत्र श्री चौथा राम माली** से सबंधित है। आरक्षित मूल्य और धरोहर राशि निम्न तालिका अनुसार होगी। अग्रिम राशि बैंक/एमएसटीसी की वैब साइट पर दी गई प्रकिया अनुसार ई-नीलामी बंद होने से पूर्व जमा कराई जा सकती है।

| अचल सम्पत्ति का ब्यौरा | आरक्षित मूल्य व धरोहर राशि | समय |
|---|---|---|
| श्री सुजा राम पुत्र श्री चौथा राम माली के नाम भूमि एवम भवन जो प्लॉट नं. 10, खसरा नं. 1171/178 एवम 1172/179, ग्राम मदलपूरा, राजेशवर औद्योगिक क्षेत्र, भागली सिंधलान, तहसील एवम जिला जालोर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 1800 वर्ग मीटर है। **सीमाएं**- पूर्व- औद्योगिक प्लॉट नं. 11, पश्चिम- औद्योगिक प्लॉट नं. 09, उत्तर- कृषि भूमि, दक्षिण- रोड़ एवम प्रवेश | रू. 26,96,000/- ( छब्बीस लाख छ्यानवे हजार रूपए मात्र )<br>रू. 2,70,000/- ( दो लाख सत्तर हजार रूपए मात्र ) | दोपहर 12:00 से दोपहर 02:00 |

इच्छुक बोलीदाता एमएसटीसी के पास प्री-बिड ईएमडी की राशि ई-नीलामी बंद होने से पूर्व जमा कर सकते हैं। एमएसटीसी के बैंक खाते में भुगतान की प्राप्ति और ई-नीलामी वेबसाइट में ऐसी जानकारी को अपडेट करने के बाद ही बोलीदाता को प्री-बिड ईएमडी का केडिट दिया जाएगा। इन कार्यवाहियो को अद्यतन/अपडेट होने में बैंकिंग प्रक्रिया के अनुसार कुछ समय लग सकता है और इसलिए बोलीदाताओं को उनके स्वयं के हित में सलाह दी जाती है कि अंतिम समय की किसी भी समस्या से बचने के लिए बोली पूर्व ईएमडी राशि पर्याप्त समय रहते जमा करें।

अन्य ऋण भार : ज्ञात नहीं

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए भारतीय स्टेट बैंक, प्रतिभूत लेनदार की वेबसाईट https://sbi.co.in/web/sbi-in-the-news/auction-notices/sarfaesi-and-others एवं https://ibapi.in/Sale_Info_Home.aspx पर देखें।

दिनांक: 17.05.2022
स्थान: जयपुर

हस्ता.
प्राधिकृत अधिकारी
भारतीय स्टेट बैंक